कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.12.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर कविता पाठ का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय स्तर पर अटल यूथ सेंटर का गठन किया गया है। इसका उद्घाटन आगामी 25 दिसम्बर 2024 को किया जाना है। यह क्लब पूरे साल भर श्रद्धेय अटल जी के व्यक्तित्व पर केन्द्रित गतिविधियों का संचालन करेगा। इसी के तारतम्य में उनके जीवन पर निबंध लेखन एवं उनकी कविताओं का पठन–पाठन किया गया।

कार्यक्रम की संयोजिका एवं नोडल अधिकारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया कि अटल जी का व्यक्तित्व अत्यंत प्रभावी एवं प्रेरणास्पद है, उनके भाषणों का ऐसा प्रभाव था कि लोग उन्हें सुनते ही रहना चाहते थे तथा वैसे ही उनकी कविताओं का जादू है। जो देशभक्ति से ओतप्रोत हैं और हमें मंत्रमुग्ध कर देती है।

डॉ0 मोनिया राकेश सिंह ने बाजपेयी जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्तर के वाद–विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे तथा वे देशभक्त, राजनीतिज्ञ व कुशल वक्ता थे। श्रीमती ज्योति भरणे ने उनकी कविता 'गीत नया गाता हूं' का पाठ किया। इस अवसर पर कु0 प्रेक्षा यादव, कु0 आर्या अवस्थी, कु0 करिश्मा पटेल एवं कु0 जागृति निर्मलकर ने बाजपेयी जी की कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ0 आरती सिंह राठौर ने किया।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी पर कविता पाठ का आयोजन